पोखर में डूबने से 30 वर्षीय युवक की मौत



समस्तीपुर (आससे)। शिवाजीनगर प्रखंड की दसौत पंचायत के वार्ड संख्या 10 में गांव के ही पोखर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान दसौत गांव निवासी महेश पासवान के पुत्र रोशन कुमार पासवान करीब 30 वर्ष के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है घटना की सूचना मिलने पर शिवाजीनगर थाना के अपर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार और अंचल अधिकारी अमरपाली यादव सहित अन्य कर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली तथा आवश्यक कार्रवाई की। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया युवक की मौत की खबर फैलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों में शोक का माहौल है। परिजनों के लिए यह घटना बड़ा दुख बनकर सामने आई है फिलहाल पुलिस मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के संबंध में आगे की जानकारी स्पष्ट हो सकेगी।

हत्याकांड के चार फरार आरोपितों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

जाले (दरभंगा)(आससे)। कमतौल थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव में हत्या कांड के चार फरार आरोपितों के घर पुलिस ने गुरुवार को डुगडुगी बजाकर इश्तेहार चिपकाया। कमतौल थाना कांड संख्या 218/26 के तहत हत्या मामले में फरार चल रहे रंजित ठाकुर के पुत्र मणिशंकर, मनोज ठाकुर के पुत्र बालकृष्ण भारद्वाज उर्फ बालाजी, सुबोध ठाकुर के पुत्र छोटू ठाकुर उर्फ इंद्रजीत ठाकुर तथा लक्ष्मण ठाकुर के पुत्र बिट्टू ठाकुर के घर पर पुलिस ने इश्तेहार चस्पा किया।

इस कार्रवाई को कांड के अनुसंधानक पुअनि सौरभ कुमार ने अंजाम दिया। कमतौल थानाध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने बताया कि हत्या मामले में सभी आरोपित फरार चल रहे हैं। इश्तेहार चिपकाने के बाद भी यदि आरोपित न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर उनके घरों की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

मिथिला की कला-संस्कृति पर केंद्रित पुस्तक 'वैदेही की' का विमोचन



दरभंगा (आससे)। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय संगीत एवं नाट्य विभाग, ललित कला संकाय में प्रकाशित पुस्तक 'वैदेहीकी = मिथिला की कला एवं संस्कृति' का विमोचन कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने किया। पुस्तक की संपादिका विभागाध्यक्ष सह संकायाध्यक्ष प्रो. लावण्य कीर्ति सिंह 'काव्या' हैं। वर्ष 2025 में विभाग की ओर से 'मिथिला की कला एवं संस्कृति = परंपरा और परिवर्तन' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के कार्यवृत्त के रूप में इस पुस्तक का प्रकाशन किया गया है। इसमें देश-विदेश के विद्वानों और शोध-अध्येताओं के शोधपत्र संकलित हैं। शोधपत्रों में मिथिला की कला, साहित्य, संगीत, दर्शन, अध्यात्म, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला गया है। मिथिला की सांस्कृतिक विरासत में परंपरा और नवाचार के समन्वय को रेखांकित करने वाली इस पुस्तक में विभिन्न कालखंडों में हुए परिवर्तनों का भी विश्लेषण किया गया है। वैश्वीकरण, बाजारवाद और तकनीकी क्रांति के दौर में मिथिला की ज्ञान परंपरा को ऐतिहासिक, सामाजिक, साहित्यिक एवं कलात्मक दृष्टिकोण से समझने में यह पुस्तक महत्वपूर्ण साबित होगी। विमोचन के अवसर पर कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय कार्य है। इससे विभाग के साथ विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों को भी नई पहचान मिलेगी। इस अवसर पर विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. पुष्कर कुमार झा एवं डॉ. अभिषेक स्मिथ उपस्थित थे। संपादिका प्रो. काव्या ने पुस्तक के प्रकाशन में योगदान देने वाले सभी लेखकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

OFFICERS TRAINING ACADEMY,PAHARPUR,GAYA(BIHAR)

NOTICE INVITING APPLICATION NO 42971/QM/GCS CLO/QM DATED 30 OCT 2026

1. Officers Training Academy, Gaya (Bihar), invites applications from reputed and experienced vendors for providing 02(Two) types of Army uniform Shoes(Boot High Ankle with Toe Cap & Brogue Shoes) for approximately 750 Officer Cadets undergoing training each year. Details of Army Uniform Shoes can be obtained from Office of QM, OTA, Gaya. For further query contact Quarter Master, OTA, Gaya on Mob No 7665433605.

2. **Eligibility Criteria is mentioned as follows :-**

2.1 Vendor should have minimum three years experience of Army Uniform Shoes,Manufacturing,provisioning/supplying of Army Uniform Shoes for Officer Cadets and all ranks.

2.2 Applicants will enclose following documents along with application:-

2.2.1 Income Tax Return Certificate last 3 years.

2.2.2 Residential Proof/Voter ID and 01 x Passport Size colour photograph.

2.2.3 Bank Account Details.

2.2.4 PAN Card.

2.2.5 TIN/GST along with registration certificate.

2.2.6 Micro, Small and Medium Enterprises (MSME) & Make In India (MII) Certificate where applicable.

2.2.7 Police verification (Character Certificate).

2.2.8 Experience Certificate from military authority/ institutions.

2.3 Vendor applying should have his own manufacturing plant for Army Uniforms Shoes. Capacity verification will be done by Board of Officer for checking the same.

2.4 Other details of Army Uniform Shoes required to be supplied may be obtained by vendors from QM OTA Gaya on phone (Contact No. mentioned in Paragraph1).

2.5 Company should not have been blacklisted by any government organization and there should not be any police case against the vendor. A vendor found to be applying for contract by creating proxy firms under different names will be disqualified and blacklisted.

2.6 Technical Specifications and design of Army Uniform Shoes will be discussed and specified to the vendor in a pre bid meeting with a Board of Officers(BOO).Army Uniform Shoes quality not as per demanded standards will invite disqualification from their participation. Request for Proposal documents will be issued to the vendors fulfilling the eligibility criteria. Last date of receipt of application is **09 November 2026.**

2.7 Bids shall be evaluated both in terms of quality as well as quoted price ie as per quality & cost based selection(QCBS) methodology.

Commandant
Officers Training Academy, Gaya

राय साहब तालाब की सफाई में युवाओं ने किया श्रमदान

दरभंगा (आससे)। जिलाधिकारी सह जिला गंगा समिति के अध्यक्ष कौशल कुमार के निर्देश पर विशेष अभियान 6.0 के तहत लहेरियासराय के वार्ड संख्या-46 स्थित गोविन्दपुर के राय साहब तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया गया। आगामी छठ पर्व को देखते हुए आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने श्रमदान कर तालाब परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की। इस दौरान नमामि गंगे संकल्प कार्यक्रम के माध्यम से जलस्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया गया।जिला परियोजना पदाधिकारी फारूक इमाम ने कहा कि छठ पर्व की पवित्रता बनाए रखने में स्वच्छ जलस्रोतों और घाटों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने स्वच्छता अभियान की सफलता के लिए जनभागीदारी को जरूरी बताते हुए लोगों से जलस्रोतों के संरक्षण में सामूहिक सहभागिता की अपील की। उन्होंने कहा कि छठ पर्व के बाद भी जलस्रोतों की सफाई और संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी निभानी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जलस्रोत सुरक्षित रह सकें। कार्यक्रम में नमामि गंगे के युवा वॉलंटियर्स संजीव कुमार, अंकित आनंद, आरती ज्योति, सोनाली कुमारी, सपना कुमारी, साक्षी कुमारी, पार्थ कुमार एवं आदित्य सिंह सहित अन्य युवाओं ने श्रमदान कर अभियान को सफल बनाया।



महिला रेल कर्मी से डीआरएम आवास के समीप सोने की चेन छीनी

समस्तीपुर (आससे)। शहर के डीआरएम आवास के पास बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला रेल कर्मी के गले से सोने की चेन की छिनतई ही कर ली और फरार हो गए। महिला रेलकर्मी की पहचान माधुरी चौक रोड नंबर 9 निवासी राजेश कुमार की पत्नी अनिता कुमारी के रूप में बताई गई है। घटना को लेकर महिला रेलकर्मी ने नगर थाने में शिकायत की है। उन्होंने पुलिस को बताया कि गुरुवार की सुबह वह अपने आवास के पास एक ई-रिक्शा में बैठकर डीआरएम ऑफिस जा रही थीं, इसी दौरान हेलमेट पहने बाइक सवार दो बदमाश आए और उनके गले से सोने का चने छीन लिया।

मिथिला के दो टन मखाने की खेप ओमान रवाना

बेनीपुर (दरभंगा)(आससे)। मिथिला के मखाने को अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाने की दिशा में शक्ति नेचुरल एक्सपोर्ट और लक्ष्मी गुलाब उद्योग ने संयुक्त पहल की है। इसके तहत बेनीपुर के धरौड़ा से दो टन उच्च गुणवत्ता वाले मखाने की खेप ओमान के लिए रवाना की गई। दखराम के पूर्व मुखिया अमरनाथ झा ने हरी झंडी दिखाकर ट्रक को रवाना किया। मखाने की खेप मुंबई स्थित न्हावा शेवा बंदरगाह पहुंचेगी। वहां से समुद्री मार्ग के जरिए इसे ओमान के सोहार बंदरगाह भेजा जाएगा। इस पहल से मिथिला के पारंपरिक कृषि उत्पाद को विदेशी बाजारों तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया है। शक्ति नेचुरल एक्सपोर्ट के अमिताभ सिन्हा और लक्ष्मी गुलाब उद्योग के भोला नाथ झा ने इस उपलब्धि का श्रेय अपनी टीम के सदस्यों की मेहनत और सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि मिथिला के मखाने को अधिक से अधिक देशों के बाजारों तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है। पूर्व मुखिया अमरनाथ झा ने कहा कि मिथिला के मखाने का विदेशों में निर्यात होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इससे स्थानीय किसानों, श्रमिकों और युवाओं के लिए रोजगार तथा व्यापार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है।



सतर्कता जागरुकता सप्ताह पर पीएनबी ने लगाया रक्तदान शिविर

दरभंगा (आससे)। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के मंडल कार्यालय, दरभंगा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 के अंतर्गत बैंक और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, दरभंगा के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना को बढ़ावा देना था। शिविर का उद्घाटन पीएनबी के मंडल प्रमुख रवि भूषण झा ने स्वयं रक्तदान कर किया। इसके बाद मंडल कार्यालय और विभिन्न शाखाओं के कर्मियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव मनमोहन कुमार सरावगी उपस्थित थे। डॉ. शुक्ला मेडिसिटी ब्लड सेंटर के डॉ. अनवर एवं प्रशासक अवकाश प्राप्त सूबेदार मुकेश सिंह की प्रशिक्षित टीम ने रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच के बाद सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया। मंडल प्रमुख रवि भूषण झा ने कहा कि सतर्कता केवल नियमों के पालन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति संवेदनशील और उत्तरदायी बने रहने का संकल्प भी है। रक्तदान इस संकल्प का सार्थक उदाहरण है। मनमोहन कुमार सरावगी ने इस मानवीय पहल के लिए पीएनबी परिवार की सराहना की। पेट्रन डॉ. अजहर सुलेमान ने कहा कि ऐसे शिविरों से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। फहद आबदी ने इसे जरूरतमंदों के लिए उम्मीद की किरण बताया। कुमार आदर्श ने आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर में रक्तदान करने वाले आशीष कुमार, आशुतोष मिश्रा, प्रभात किरण, ब्रह्मदेव, शैलेन्द्र कुमार, धनंजय कुमार, रमेश कुमार शर्मा, विलास कुमार चौधरी, सुमन झा और अंकुर त्रिपाठी सहित अन्य रक्तदाताओं को प्रशस्तिपत्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।



प्रपत्र VII

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू-अर्जन निदेशालय)

या

समाहर्ता-सह-समुचित सरकार

अधिघोषणा

(अधिनियम-30/2013 की धारा-19(1) के अधीन)

चूँकि बिहार सरकार/समाहर्ता को प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा-**परियोजना पथ प्रमंडल, रोसड़ा अन्तर्गत मणिका (एस0एच0-88) से विक्रमपुर (एन0एच0-322) भाया श्रीराम जानकी मेडिकल कॉलेज नरघोघी, सरायरंजन बाईपास पथ के निर्माण** के लिए राजस्व ग्राम-**सारंगपुर (घ)**, थाना नं0-**279**, राजस्व थाना-**समस्तीपुर** अंचल-**मोरवा**, जिला-**समस्तीपुर** में रकवा **0.388** एकड़ अर्थात् **0.1570** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन भू-खंड है जो मापक माप से कमोवेश **0.388** एकड़ अर्थात् **0.1570** हेक्टेयर है और ग्राम-**सारंगपुर (घ)**, थाना नं0-**279**, राजस्व थाना-**समस्तीपुर** अंचल-**मोरवा**, जिला-**समस्तीपुर** में है, जिसका विवरण निम्नवत है:-

क्रम सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड संख्या	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्र (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उ0	द0	पू0	प0
1		6225	निजी	आवासीय	0.07	मलेजा पोद्दार पे0 स्व0 विश्वनाथ पोद्दार वो हरिचन्द्र पोद्दार वो हरेराम पोद्दार पे0 स्व0 जामुन पोद्दार	सीट-6	सड़क	खेसरा सं0-6224	सीट-6
2		6224	निजी	आवासीय	0.023	सुनील कुमार झा वो अनिल कुमार झा वो फेकन झा वो सोनेलाल झा पे0 स्व0 शोभाकांत झा वो सुधीर कुमार झा पे0 स्व0 नवल किशोर झा	खेसरा सं0-6423	सड़क	सीट-6	खेसरा सं0-6225
3		6230	निजी	आवासीय	0.024	अरूण पोद्दार पे0 स्व0 जदु पोद्दार	सड़क	खेसरा सं0-6229	खेसरा सं0-6227	सीट-6
4		6227	निजी	आवासीय	0.025	राम सागर राय पे0 स्व0 चलितर राय	सड़क	खेसरा सं0-6228	खेसरा सं0-6237	खेसरा सं0-6230
5		6237	निजी	आवासीय	0.017	शिवजी राय पे0 स्व0 हरेकृष्ण राय	सड़क	खेसरा सं0-6236	खेसरा सं0-6238	खेसरा सं0-6227
6		6238	निजी	आवासीय	0.012	शिवजी राय पे0 स्व0 हरेकृष्ण राय	सड़क	खेसरा सं0-6236	खेसरा सं0-6239	खेसरा सं0-6237
7		6239	निजी	आवासीय	0.014	शिवजी राय पे0 स्व0 हरेकृष्ण राय	सड़क	खेसरा सं0-6245	खेसरा सं0-6240	खेसरा सं0-6238
8		6240	निजी	आवासीय	0.005	शिवजी राय पे0 स्व0 हरेकृष्ण राय	सड़क	खेसरा सं0-6241	खेसरा सं0-6241	खेसरा सं0-6239
9		6241	निजी	आवासीय	0.01	शिवजी राय पे0 स्व0 हरेकृष्ण राय	सड़क	खेसरा सं0-6243	खेसरा सं0-6277	खेसरा सं0-6240
10		6277	निजी	आवासीय	0.018	अवध नारायण लाल वो हरि नारायण लाल पे0 स्व0 जगदम्बी लाल वो सीयाराम राय पे0 रामदेव राय	सड़क	खेसरा सं0-6276	खेसरा सं0-6278	खेसरा सं0-6241
11		6278	निजी	आवासीय	0.015	सियाराम राय पे0 रामदेव राय वो अशर्फी राय वो कामेश्वर राय पे0 रामदेव राय	सड़क	खेसरा सं0-6279	खेसरा सं0-6280	खेसरा सं0-6277
12		6280	निजी	आवासीय	0.02	जुगेश्वर राय वो राम प्रकाश राय पे0 बिहारी राय	सड़क	खेसरा सं0-6272	खेसरा सं0-6281	खेसरा सं0-6278
13		6281	निजी	आवासीय	0.02	रामनारायण राय पे0 बिहारी राय	सड़क	खेसरा सं0-6282	खेसरा सं0-6294	खेसरा सं0-6280
14		6294	निजी	आवासीय	0.035	हरिहर राय पे0 बिरत राय वो सुरेश राय वगैरह पे0 दिपू राय वो अशोक राय वगैरह पे0 नेवा राय	सड़क	खेसरा सं0-6286	सीट-6	खेसरा सं0-6281
15		6036	निजी	आवासीय	0.015	अकलू साह वो नेति लाल साह वो हजारी साह वो मोती साह वो राम बलम साह वो राम जतन साह पे0 सुखदेव साह	सीट-6	सड़क	सीट-6	खेसरा सं0-6037
16		6037	निजी	आवासीय	0.015	अकलू साह वो नेति लाल साह वो हजारी साह वो मोती साह वो राम बलम साह वो राम जतन साह पे0 सुखदेव साह	सीट-6	सड़क	खेसरा सं0-6036	खेसरा सं0-6038
17		6038	निजी	आवासीय	0.0225	सकिन्द्र साह वो शिव कुमार साह वो लखीन्द्र साह वो चंदन साह पे0 रामगीता साह	सीट-6	सड़क	खेसरा सं0-6037	खेसरा सं0-6039
18		6039	निजी	आवासीय	0.0275	अशोक राय वो लालबाबू राय पे0 हदूगी राय वो कामेश्वर राय पे0 रामदेव राय	सीट-6	सड़क	खेसरा सं0-6038	सीट-6

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0-30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किये गये हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:- गाँव ...X..... थाना ...X..... थाना सं0 ...X..... अंचल ...X..... एवं जिला ...X..... क्षेत्र ...X..... एकड़

उपर्युक्त भूमि या किसी उपर्युक्त भूमि के विशेष भाग में पड़े कोयला खादान, लौह पत्थर, स्लेट या अन्य खनिज हैं, ऐसे भागों में पड़े हुए खादान एवं खनिज जिसे उस प्रयोजन जिसके लिए भूमि अर्जित की गई है परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाया अथवा उपयोग किये जाने की अपेक्षा है को छोड़कर, आवश्यक नहीं है।

जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, समस्तीपुर के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

PR- 014282 (Revenue) 2026-27

समाहर्ता, समस्तीपुर

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

राजनगर में एसएसबी की सतर्कता जागरुकता रैली निकाल ईमानदारी और पारदर्शिता का दिया संदेश

मधुबनी (संसू)। 18 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल राजनगर की तरफ से सतर्कता जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम 26 अक्टूबर से 01 नवंबर 2026 तक मनाया जाना है। जिसे देखते हुए 18 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, राजनगर के द्वारा सतर्कता जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली वाहिनी के कमांडिंग ऑफिसर कोजाराम लोमरोड़ के नेत्रीत्व मे आयोजित किया गया। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय 卐सत्यनिष्ठा से समृद्धि卐 है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक आचरण को बढ़ावा देना है। साइकिल रैली का मुख्य उद्देश्य बल के कार्मिकों तथा आमजन को भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा है। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न जागरूकता नारों के माध्यम से भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी का संदेश लोगों को दिया। रैली में उप कमांडेंट अजीत सिंह, इंस्पेक्टर पवन कुमार, इंस्पेक्टर अंकुश कुमार शर्मा सहित वाहिनी कार्मिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मौके पर प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में पारदर्शी ढंग से कार्य करेंगे, न रिश्वत लेंगे और न ही देंगे, तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध सतत संकल्पित रहेंगे। इस अवसर पर यह भी संदेश दिया गया कि भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र के निर्माण केवल प्रशासनिक प्रयासों से नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सचेत भागीदारी से संभव है। भारत का प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान नागरिकों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध सामूहिक भागीदारी और जवाबदेही के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं, 18वीं वाहिनी राजनगर के अनुसार इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में नैतिक मूल्यों, पारदर्शिता तथा भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता की भावना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। वाहिनी आगे भी ऐसे जन-जागरूकता अभियानों का आयोजन करती रहेगी, ताकि आम नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सचेत रहते हुए भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण में योगदान दे सकें।



जयनगर में 55.30 लाख के अवैध पटाखों का जखीरा जब्त, दूसरी बार गोदाम पर छापा

जयनगर (मधुबनी)(आससे)। जिले के जयनगर मे आने वाले दिवाली पर्व से पहले अवैध पटाखों के भंडारण एवं बिक्री के खिलाफ चलाई जा रही कार्रवाई में जयनगर मुख्यालय में फिर से एक बार जिला प्रशासन के निर्देश पर पटाखा कारोबार पर दुबारा डंडा चलाया गया। पटाखा कारोबारी के विरुद्ध बड़ी कारवाई करते हुए अनुमंडल प्रशासन ने ?55,30,040 अनुमानित कीमत के पटाखे जब्त किए गए हैं। मधुबनी जिलाधिकारी आनंद शर्मा के निर्देशन में अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार के नेतृत्व में अंचल अधिकारी अखिलेश चौधरी, बिहार पुलिस, जयनगर थाना तथा 48 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल की संयुक्त टीम ने छापेमारी किया। ये छापेमारी गुप्त सूचना के आधार करते हुए भारत- नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा स्तंभ संख्या 270/15 से लगभग एक किलोमीटर अंदर भारतीय क्षेत्र में स्थित चित्रगुप्त कॉलोनी, वार्ड संख्या 14, वाटर वेज चौक के निकट एक पटाखा कारोबारी के गोदाम पर किया गया। बताया जा रहा है कि ये गोदाम राहुल कुमार, पिता रामनाथ का है। उक्त गोदाम को गोदाम मालिक संजय महतो के द्वारा किराए पर राहुल कुमार ने होलसेल बिक्री हेतु पटाखा रखे हुए थे। छापेमारी के दौरान गोदाम से सौ से अधिक कार्टूनों में बंद विभिन्न प्रकार एवं ब्राण्ड के पटाखे बरामद हुए है। अधिकारियों के अनुसार बरामद पटाखों की मात्रा इतनी अधिक थी कि उसे दोपहर से लेकर देर शाम तक दर्जन से अधिक गाड़ियों में लादकर जयनगर थाना परिसर में जमा कराया गया। जब्त पटाखों की जब्ती सूची तैयार की जा रही है, जबकि इस मामले में एफआईआर दर्ज करने की कानूनी प्रक्रिया जयनगर पुलिस के द्वारा की जा रही है। वही कार्रवाई के दौरान किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। वहीं, अंचल अधिकारी अखिलेश चौधरी ने बताया कि मेन रोड स्थित एक चौकी पर बिना अनुमति पटाखा बेचते हुए एक व्यक्ति से पटाखा जब्त किया गया था। उन्होंने आगे कहा है कि अनुमंडल क्षेत्र में अवैध पटाखों के गोदामों और बिक्री के खिलाफ छापेमारी निरंतर जारी रहेगी। जयनगर थानाध्यक्ष रमन कुमार सिंह ने बताया कि जब्त सामान के मूल्य का आकलन भी किया जा रहा है। जयनगर में यह दूसरा मौका है जब पटाखों का बड़ा जखीरा जब्त हुआ है। यह कार्रवाई की खबर फैलते ही क्षेत्र के पटाखा व्यापारियों में हड़कंप मच गया है और प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दिवाली के मद्देनजर बिना अनुमति पटाखों के भंडारण एवं बिक्री पर कड़ी नजर रखी जा रही है। दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। तो वहीं, 48 वीं वाहिनी के अधिकारियों ने कहा है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण और स्थानीय प्रशासन और पुलिस के साथ समन्वय बनाए रखने के लिए आगे भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।


कर्नाटक में सरकार के बावजूद एमएलसी चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक

जाले (दरभंगा)(आससे)। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जाले विधायक जीवेश कुमार ने विधान परिषद (एमएलसी) चुनावों में कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र, कर्नाटक, बिहार और उत्तर प्रदेश सहित संबंधित राज्यों में एमएलसी चुनावों में कांग्रेस की स्थिति शून्य पर बताई जा रही है।

कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद पार्टी को सफलता नहीं मिलना नेतृत्व और संगठन के लिए आत्ममंथन का विषय है। जीवेश कुमार ने कहा कि कांग्रेस चुनावी धांधली का आरोप लगाकर लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल उठाती है, लेकिन उसे अपने जनाधार की समीक्षा करनी चाहिए। चुनाव ईवीएम से हो या बैलेट पेपर से, जीत के लिए जनता का विश्वास जरूरी है। उन्होंने राहुल गांधी की राजनीतिक सक्रियता पर भी सवाल उठाए। कुमार ने कहा कि कांग्रेस को आरोप-प्रत्यारोप छोड़कर जन समस्याओं पर काम करना चाहिए। जनता का समर्थन मेहनत, जनसेवा और संगठन की मजबूती से मिलता है, सैर-सपाटा और बयानबाजी से नहीं।

लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान के तहत भाजपा ने बुद्धजीवी नागरिकों एवं युवाओं से किया संवाद

समस्तीपुर (आससे)। भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हरेराम चौधरी के अध्यक्षता में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओं अभियान के कार्यक्रम को लेकर होटल कैलाश इन में बुद्धजीवीतयों का संगोष्ठी आयोजित किया गया। जिसमें लोगों को संबोधित करते मुख्य अतिथि भाजपा बिहार प्रदेश के प्रवक्ता कुंतल कृष्णन ने कहा कि कांग्रेस और उनके सहयोगी गठबंधन पूरे भारत में झूठे नेरिटिभ सेट करने का प्रयास किया जा रहा है। आमलोगों ने जिन मुद्दों को नकार दिया है। उन्हीं को लेकर संवैधानिक संस्था और चुनाव आयोग पर सवाल उठाकर कांग्रेस और उनके सहयोगी गठबंधन चुनाव में मिल रहे पराजय से परेशान लोकतंत्र को कमजोर करते हुए आरजकता फैलाकर जहां दुश्मन राष्ट के एजेंडा को चला रहे है वहीं उसके बदौलत सत्ता में आने के राह पर चल रहे है। वहीं उन्होंने दूसरे ओर युवाओं से लोकतंत्र को मजबूत करने और आरजकता पैदा करने वाले का विरोध करने का आह्वान किया। साथ ही भाजपा युवा मोर्चा जिला समस्तीपुर द्वारा पटेल मैदान के निकट कोचिंग सेंटर कैम्पस काशीपुर, समस्तीपुर के संगोष्ठी में प्रदेश प्रवक्ता कुंतल कृष्णन,एम एल सी डॉ तरूण कुमार, विधायक वीरेंद्र कुमार पासवान, प्रो विजय कुमार शर्मा श्रीमती विमला सिंह, जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता, जिला मुख्य प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण मोहन गुप्ता,श्याम पासवान अभय गुड्डू, राकेश राज,मनोज जायसवाल,प्रदीप साह शिवे,नगर अध्यक्ष सुजय कुमार पासवान,ललन पाठक डॉ हरि किशोर सिंह,सुशील चौबे, अरविंद कुमार,वीरेंद्र यादव,इन्द्रजीत यादव, डॉ मीरा कुमारी,नरेन्द्र सिंह, अरूण राय, राजीव सुर्यवंशी सहित अन्य लोग शामिल रहे।



भाजपा युवा मोर्चा समस्तीपुर उत्तरी द्वारा इस अभियान के तहत युवा संवाद आयोजित किया गया अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा जिला समस्तीपुर उत्तरी के जिलाध्यक्ष विमल कुमार गोलू ने किया। जिसे संबोधित करते करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा बिहार प्रदेश के प्रवक्ता कुंतल कृष्णन ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस युवा में मुख्य अतिथि भाजपा बिहार प्रदेश के प्रवक्ता कुंतल कृष्णन,एम एल सी डॉ तरूण कुमार, भाजपा जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता, भाजपा युवा मोर्चा समस्तीपुर उत्तरी के जिलाध्यक्ष विमल कुमार गोलू, महामंत्री रणजीत कुशवाहा, मुलाकात सिंह यादव,पार्थ सारथी,रवि पूर्वे,कनक कुंदन, धर्मेन्द्र कुमार, रौशन कुमार, राजीव कुमार, प्रेम कुमार सहित अन्य लोग शामिल रहे।

राजद स्नातक प्रत्याशी अनिल झा की जीत पर बांटी मिठाई

समस्तीपुर (आससे)। दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद चुनाव में महागठबंधन समर्थित राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी अनिल कुमार झा की शानदार जीत पर राजद कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।राजद कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर एवं जलेबी खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया।बधाई देने वालों में उजियारपुर विधायक सह पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, मोरवा विधायक सह प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, बिहार विधानसभा के पूर्व मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, राजद जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद रोमा भारती, पूर्व विधायक सुनील कुमार पुष्पम, पूर्व विधायक डॉ. एज्या यादव, पूर्व विधायक अशोक प्रसाद वर्मा, विधान पार्षद मो. कारी सोहैब, प्रदेश महासचिव फैजुर रहमान फैज, राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द सहनी, सहकारिता बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार राय, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सहनी, प्रधान महासचिव विपिन सहनी,उजियारपुर संगठन जिलाध्यक्ष राजेश्वर महतो, जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, कार्यालय सचिव रोशन यादव, जिला उपाध्यक्ष ललन यादव, रामविनोद पासवान, पूर्व जिला पार्षद प्रभु नारायण राय, जिला महासचिव राकेश कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष विश्वनाथ राम, राजद दलित सेल के प्रदेश सचिव राजेन्द्र राम, युवा जिलाध्यक्ष पप्पू यादव, सोशल मीडिया प्रभारी चमन यादव, शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न यादव, जिला महासचिव मोश परवेज आलम द्य

बिहार सरकार

समाहरणालय, नवादा

(मद्य निषेध एवंउत्पाद विभाग)

अल्पकालीन आम नीलामी सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवादा जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों/उत्पादवादों में राज्यसात किये गये निम्नलिखित वाहनों को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् आम नीलामी (Public Auction) क्रमशः दिनांक **13.11.2026, 20.11.2026, 26.11.2026** को समाहरणालय, नवादा में 11:00 बजे पूर्वाहन से की जायेगी। नीलामी योग्य वाहनों की सूची निम्नवत है :-

क्र. सं.	थाना का नाम	थाना काण्ड संख्या	वाहन का प्रकार	निबंधन संख्या	निबंधन का वर्ष	इंजन संख्या	चेचिस संख्या	मूल्यांकित राशि	अग्रधन की राशि	वाहन की अब स्थिति	वाहन मालिक का विवरणी
89	गोविन्दपुर थाना	289/25	BOLERO PICKUP	WB27E/4355 (WB37E/4355)	29-Mar-23	JAP1A13260	MA1ZU2TN KP1A15720	600000.00	150000.00	गोविन्दपुर थाना	धर्मेन्द्र कुमार, पिता-छोटे लाल पंडित, ग्राम-मंगलपुर कुमार पारा, पोस्ट-मंगलपुर, थाना-रानीगंज, जिला-पश्चिम बुरदवान, (पश्चिम बंगाल)-713347
90	उत्पाद थाना, नवादा	1035/23	MARUTI SUZUKI SWIFT DZIRE CAR	WB06C/0680	11-Jun-09	G13BBN522842 (D13A5013733)	MAJEKE42S00210874 (MA3FSEB1S00463223)	50000.00	12500.00	रजौली चेक पोस्ट	गौतम गांगुली, पिता-डी.एन गांगुली, ग्राम-63/1 प्रिंस बख्तियार शाह, थाना-कोलकता, पश्चिम बंगाल
91	उत्पाद थाना, नवादा	153/25	SANTRO CAR	WB02R/358 (WB38M/2021)	29-Sep-03	G4HD3C42632	MALAB51H R3M364696	30000.00	7500.00	बुधौल	सुरेन्द्र सिंह छावड़ा, पिता- स्व० एम० एस० छावड़ा, ग्राम-बगोदर, थाना- गिरीडिह, जिला- गिरीडिह, (झारखण्ड)-805125

विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अधीक्षक मद्य निषेध, नवादा से सम्पर्क किया जा सकता है nawada.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

(कृते समाहर्त्ता, नवादा)

अधीक्षक मद्यनिषेध, नवादा

PR. No. 014219 (Excise) 2026-27

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।